पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण किया

———————

महिलाओं एवं बच्चों को कौशल विकास के लिए प्रेरित करें
—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 12 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के यमुना परिसर में स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। ज्ञातव्य है कि 453.23 लाख की लागत से 725.56 वर्ग मीटर में बने उक्त भवन का शिलान्यास लगभग 2 वर्ष पूर्व 29 नवम्बर 2019 को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा ही किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल ने परिसर में कल्पवृक्ष का रोपण किया और सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण किया तथा समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और निर्देश दिया कि गोद लिए हुए गांव में महिलाओं एवं बच्चों के कौशल विकास के लिए कैंप लगाकर प्रोत्साहित करें।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने राज्यपाल श्रीमती पटेल को बताया कि त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र पर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसके साथ ही इस केन्द्र का उपयोग विश्वविद्यालय की परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में किया जाएगा।

बैठक में कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ पंकज एल जानी, कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक देवेन्द्र प्रताप सिंह तथा निदेशक सीका प्रोफेसर ओम जी गुप्ता तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।।

——————

(राजभवन 35/13)

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
के
त्रिवेणी सामुदायिक केन्द्र
का लोकार्पण
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति जी
के कर कमलों द्वारा
प्रो० सीमा सिंह, कुलपति
की गरिमामयी उपस्थिति में
विक्रम सम्वत् 2078, भाद्रपद शुक्ल पक्ष, षष्ठी तद्नुसार
रविवार 12 सितम्बर, 2021 को सम्पन्न हुआ।
अजय कुमार सिंह
वित्त अधिकारी
डॉ० अरुण कुमार गुप्ता
कुलसचिव
कार्यदायी संस्था : ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड प्रयागराज